# GRIZZLY COLLEGE OF EDUCATION

NAAC Accredited with 'B'Grade

Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneswar, Affiliated to Vinoba Bhave University, Hazaribag & JAC, Ranchi

JHUMRI TELAIYA, DISTT. KODERMA, (JHARKHAND) - 825409

# E-NEWSLETTER

Bulletin : ISSUE : July to September 2022



मनीष कपिसिमें
निदेशक



अविनाश सेठ
निदेशक

## From The Directors' Desk

हमें प्रसन्नता है कि प्राचार्य के कुशल निर्देशन और सार्थक प्रयास से महाविद्यालय का उत्तरोत्तर सर्वांगीण विकास हो रहा है। अनवरत श्रम, पूर्ण समर्पण, अद्भूत धैर्य, प्रशासनिक कलेवर, अतुलनीय सहनशीलता और अनुशासन की कठोर आँच में तपकर महाविद्यालय के विकास के लिए अहम् निर्णय यही आपकी श्रेष्ठता है। विकास के पथ पर महाविद्यालय अनवरत गतिशील रहे, इन्हीं शब्दों के साथ मेधावी, उत्साही और बहुमुखी प्रतिभा के धनी टीम के सदस्यों और प्रशिक्षुओं को हम अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करते हैं।



डॉ संजीता कुमारी
उपनिदेशिका

## From The Deputy Director's Desk

पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान आवश्यक तो है ही परन्तु व्यावहारिक ज्ञान अत्यावश्यक है। व्यावहारिक ज्ञान व्यक्ति को संयम, नम्र, धैर्यवान और सफल बनाता है। हमारे महाविद्यालय में औपचारिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। यही कारण है कि यहाँ के सभी प्रशिक्षु काफी सम्मान अर्जित करते हैं और अच्छे शिक्षक के रूप में स्वयं को स्थापित किये हैं। प्राचार्य डॉ. बी. सी. स्वाइन के नेतृत्व मे महाविद्यालय दिन प्रति-दिन उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर है । इन्हीं शब्दों के साथ हम महाविद्यालय के सभी सदस्यों और प्रशिक्षुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करती हूँ।



डॉ (प्रो0) बी0सी0 स्वैन
प्राचार्य

## From The Principal's Desk

प्रस्तुत पत्रिका महाविद्यालय में वर्षान्त के तीन महीनों में किए गए विभिन्न ज्ञानवर्धन और रचनात्मक कार्यक्रमों का दर्पण है। शैक्षणिक और गुणवत्ता की दृष्टि से यह पाठकों के लिए संजीवनी है। निष्पक्षता और पारदर्शिता इस पत्रिका की मुख्य विशेषताएँ हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जुलाई माह में पर्यावरण सुरक्षा दिवस, विश्व जनसंख्या दिवस विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस अगस्त माह में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस क्विज कंपटीशन, झण्डा जागरुकता कार्यक्रम, स्वतंत्रता दिवस, अंतरराष्ट्रीय वेबीनार डी.एल.एड. विदाई समारोह कार्यक्रम, प्रांगण सफाई कार्यक्रम तथा सितंबर माह में शिक्षक दिवस, अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस, सात दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम एवं अवार्ड वितरण किया गया।

उपर्युक्त सभी कार्यक्रम महाविद्यालय के निष्ठावान अध्यापकों और प्रशिक्षुओं के प्रयास और सहयोग से ही संभव हो पाया है, इसके लिए मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करता हूँ साथ ही निदेशक एवं उपनिदेशिका को विशेष आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना महत्वपूर्ण सहयोग से अनुग्रहित कियें। इन्हीं शब्दों के साथ महाविद्यालय के निदेशक गण एवं सभी सदस्यों और प्रशिक्षुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ।

# ENVIRONMENT PROTECTION DAY







# WORLD NATURE CONSERVATION DAY











# INTERNATIONAL YOUTH DAY







# FLAG AWARENESS PROGRAMME












# INDEPENDENCE DAY





# INTERNATIONAL WEBINAR ON ICT












# D.El.Ed. FAREWELL SESSION (2019-21)











# CAMPUS CLEANING PROGRAMME











## TEACHER DAY






## INTERNATIONAL LITERACY DAY






## 7 DAYS NSS CAMP







# आजादी

पंछी है कैद अगर,
तो उड़ने में कर मदद तू।

रात है काली अगर,
दिया जला कर रौशन कर तू।

बीत गए कई साल रूढ़िवादी विचारों में उलझ कर,
सुलझा मन के भाव तू।

औरत, आदमी या हो कोई बच्चा,
सबके जीवन का कर सम्मान तू।

तोड़ दे दीवारें सारी,
आगे बढ़ विजई राह पर।

उन वीरों ने क्या पाया,
अगर तू अब भी डर में खोया।

उठ जा तू, छू ले आसमान,
आज़ाद पे है सबका हक।

**श्रुति प्रिया**
रॅाल न0– 73
बी0एड0 (2021–23)




अंग्रेजी में नंबर थोड़े कम आते हैं,
अंग्रेजी बोलने से भी घबराते हैं,
पर स्टाइल के लिए पूरी जान लगाते हैं,
क्योंकि हम हिंदी बोलने से शर्माते हैं।

एक वक्त था जब हमारे देश में हिंदी का बोलबाला था,
मां की आवाज में भी सुबह का उजाला था,
उस मां को अब हम Mom बुलाते हैं,
क्योंकि हम हिंदी बोलने से शर्माते हैं।

देश आगे बढ़ गया पर हिंदी पीछे रह गई,
इस भाषा से अब हम नजर चुराते हैं,
क्योंकि हम हिंदी बोलने से शर्माते हैं, माना,
अंग्रेजी पूरी दुनिया को चलाती है,
पर हिंदी भी तो हमारी पहचान दुनिया में कराती है।



**विक्रम डांगी**
रॉल न0- 14
बी0एड0 (2021-23)



# आजादी के जंग

बात है 75 साल पुरानी,
अंग्रेजों की थी तब गुलामी।

देश भर में छाया था मातम,
सूझ नहीं रहा था आजादी का आगम।

यह देख मातृभूमि थर्रायी,
तब भारत माता की गोद भर आयी।

जन्में भगत, सुखदेव, आजाद,
अंग्रेजों को करने बर्बाद ।

उन्होंने क्रांति की मशाल जलायी,
नव जवानों के नस-नस में दौड़ायी ।

भड़क उठी क्रांति शोला बनके,
बारूदों का गोला बनके ।

हुई घमासान जंगे आजादी,
गूँज उठी सारी वादी ।

यह देख फिरंगी थर्राये,
देश छोड़ने का मन बनाये।

आजादी की तब लहर थी दौड़ी,
वीरों की तब हुई छाती चौड़ी

कितने वीर हुए बलिदान,
तब मिली थी आजादी की जान ।

अमीषा आर्या
रॉल न0- 58
बी0एड0 (2021-23)



# गीत गुरुदेव तेरे हृदय में ...

गुरुदेव तेरे हृदय में, गर शरण जो मिल जाए -2
बन जाऊं मैं दास तेरे-2, जीवन ही संभल जाए।
गुरुदेव तेरे हृदय में -2
अज्ञान मैं बालक हूं, ज्ञान से तू भर देना - 2
जितना मैं तुम्हें देखूं-2, भगवान नजर आता है।
गुरुदेव तेरे हृदय में 2
करुणा है भरी तुझमें, कृपा सब पर बरसती है-2
आशीष जो मिल जाए-2, मेरा भाग्य बदल जाए।
गुरुदेव तेरे हृदय में -2
अंधकार में जीना नहीं, प्रकाश तू दिखा देना -2
मंजिल मिल जाए तो-2, जीवन सफल हो जाए।
गुरुदेव तेरे हृदय में-2
मेरी अब तुमसे हीं, बस इतनी सी विनती है-2
तू साथ रहे हरदम-2, और तारों सा चमकता रहूं।
गुरुदेव तेरे हृदय में...
गुरुदेव तेरे हृदय में, गर शरण जो मिल जाए -2
बन जाऊं मैं दास तेरे-2, जीवन ही संभल जाए।
गुरुदेव तेरे हृदय में-2

**सिमरन कुमारी**
रॉल न0- 100
बी0एड0 (2021-23)



# लक्ष्यहीन रहना नहीं ...

जो हो ना सका खड़ा पैरों पर( कैसे चलेगा ?
लड़खड़ाते ही रहा सदा( कैसे संभलेगा ?
कई रास्तों से निकलता एक रास्ता मंज़िल का,
जो ढूँढ ले जल्दी( वही आगे बढ़ेगा!
जीवन सफल बनाना है नीज काम
प्रयास से लगे जिसे डर( वही रहेगा नाकाम,
असफलता का दोष छुपा खुद में
सच्चा वही जो ना करे दूसरों को बदनाम !
पथ पर पत्थर से टकराना( शौर्य का प्रतीक
लक्ष्यभेदी वाण वही चलाता( जिसका निशाना होता सटीक,
बैठे रहने से नहीं होता उत्तम प्रदर्शन
परिश्रम से बाधाओं को हटाना( जीवन दर्शन !
चाह को चाहना बस नहीं होता
सैकड़ों मुसीबतों से जूझना होता,
सफलता मुफ़्त में मिले( महत्व नहीं
यश के लिए( पसीने के समुद्र में बहना होता !
समय लगता उसे ही बोझिल( जो इसकी मर्यादा ना समझता
अपने अंदर की कमियाँ को दूर करना छोड़( परनिंदा में फंसता,
हाथों को चाहिए काम, शरीर को थकान
दिमाग़ को खाली छोड़ना नहीं, लक्ष्यहीन रहना नहीं !


आरती कुमारी
रॉल न0– 37
बी0एड0 (2021–23)



# A Little hope

I hope, a day will come
When there will be no corruption
We will give our country
A new direction.

It needs unity, thinking and determination.
Then there will be no corruption.
All the crime will Vanish from here.
To attack our country,

No-body will dare.
All it needs is only our care,
And a fine attention.
A day will come when there.

Will be no corruption.
All the Casteism and religious-inequality
Will Vanish one day
And then there will be a real celebration.

**Suraj Pratap Singh**
Roll No. 17
B.Ed.(2021-23)



# Computer

As little finger plays,
Giving beautiful displays,
Hidden games come out,
More stuffy can be dug out,
No need to trouble memories,
You can type your stories,
Even if their length varies,
Many other things can be done,
Learning with it can be fun,
We can study a broken bone,
Or find the name of a stone,
We can work on it, alone,
If how to use it is shown,
For young and old, Computers are fun
Little micro chips, make the run.

**Pradeep Kumar**
Roll No. 35
B.Ed.(2021-23)

# Achievements

| | |
|---|---|
| Best House of the Month July, 2022 | :- Vivekanand House |
| Best House of the Month Aug, 2022 | :- Rousseau House |
| Best House of the Month Sep, 2022 | :- Aristotle House |

| 100% Attendance for the month July 2022 by B.Ed. 2020-22 | | 100% Attendance for the month Aug 2022 by B.Ed. 2020-22 | | 100% Attendance for the month Sep 2022 by B.Ed. 2020-22 | |
|---|---|---|---|---|---|
| Pawan Kr. Das | 68 | Anupam Kr. Singh | 98 | Anupam Kr. Singh | 98 |

| 100% Attendance for the month July 2022 by B.Ed. 2021-23 | | | 100% Attendance for the month Sep 2022 by B.Ed. 2021-23 | |
|---|---|---|---|---|
| Arti Kumari | 37 | | Arti Kumari | 37 |
| Sonu Pandit | 94 | | Sonu Pandit | 94 |
| Mitali Gautam | 99 | | | |


# Editorial Board

*Chief Editor :-*

**Dr. (Prof.) B.C. Swain**

*Editor :-*

Manish Kumar Paswan

*Editorial Board Students :-*

Suraj Kumar Singh

Vikram Dangi

Shabnam Praveen


*To*